हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 14 फरवरी 2025


तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री

न्यूनतम 9.0 डिग्री


9 इंडस स्कूल में अनुभूति नवरस का सार रंगारंग कार्यक्रम की धूम






9 जूनियर ने दी सीनियर विद्यार्थियों को विदाई





## खबर संक्षेप

### कार ने मारी टक्कर बाइक सवार घायल

**जींद।** गांव बहादुरगढ़ के निकट तेजरफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रत्ताखेड़ा इंद्रजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार होकर फिलिंग स्टेशन पर गांव जयपुर जा रहा था।

### कैथलः कार की चपेट में आने से शिक्षक की मौत

**कैथल।** कैथल के गांव कौल और पबनावा के बीच बाइक पर घर जा रहे निजी स्कूल के 55 वर्षीय टीचर को कार द्वारा टक्कर मारे जाने से उसकी मौत हो गई। टीचर कुरुक्षेत्र से अपने गांव कौल लौट रहा था। पुलिस ने मृतक के बेटे के बयान पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।मृतक के बेटे नितेश कुमार ने पुलिस को शिकायत दी है।

### दवा दिलाने निकली महिला संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** कमाचखेड़ा से जुलाना बेटे को दवाई दिलाने निकली महिला संदिग्ध हालात में गायब हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कमाचखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी सात वर्षीय बेटे को जुलाना से दवाई दिलाने की बात कह कर निकली थी।

### पूर्व सरपंच के बेटे पर लाठियों से हमला किया

**कैथल।** चीका थाना क्षेत्र के एक गांव के पूर्व सरपंच के बेटे पर डंडे व लाठियों से हमला कर दिया। वह चीका से अपने घर आ रहा था। रास्ते में ही सात से आठ युवकों ने उन्हें घेर लिया और लाठी मारकर मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिरा दिया। नीचे पड़े युवक पर डंडे लाठी से वार किए गए। मोबाइल व 15 हजार रुपये भी ले गए।

### लाइब्रेरी में युवक पर हमला, आठ पर केस

**जींद।** गांव की चौपाल में बनी लाइब्रेरी में पढने गए युवक पर कुछ युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। जुलाना थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर एक युवक को नामजद कर सात अन्य के खिलाफ मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है। गांव लिजवाना खुर्द निवासी विजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह हर रोज की भांति गांव की चौपाल में बनी लाइब्रेरी में पढ़ने जा रहा था।

### आरोही मॉडल स्कूलों में प्रवेश के लिए परीक्षा 6 को

**कैथल।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कैथल जिले के तीनों राजकीय आरोही माडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ग्योंग, रामगढ़ पांडवा एंव सौंगरी गुलियाना में वर्ष 2025-26 में कक्षा 6 से 9वीं एंव 11वीं कक्षा में प्रवेश हेतु जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

### दुकान का ताला तोड़कर इन्वर्टर, बैटरी चोरी, केस

**जींद।** गांव गढ़ी बस अड्डे पर बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरियों सहित अन्य सामान को चोरी कर लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। गांव पीपलथा निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी गढ़ी बस अड्डे पर इन्वर्टर, बैटरियों की की दुकान है।

### कलायतः महिला के मर्डर मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** कलायत क्षेत्र में महिला के मर्डर मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एसआई धर्म सिंह की टीम ने आरोपी जींद के गांव अलीपुरा निवासी प्रवेश को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी वीरवार को अदालत में पेश किया जाएगा, जिससे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

# नप ने लगाए 18 नए टेंडर, गलियों, पार्क, ग्रीन बेल्ट समेत अनेक होंगे सुधार

## जींद की शहर की गलियां भी होंगी पक्की, लगभग तीन करोड़ रुपये की राशि होगी खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

शहर की गलियां जल्द ही पक्की होने जा रही हैं। इन गलियों के निर्माण को लेकर नगर परिषद द्वारा तीन करोड़ रुपये की लागत के 18 नए टेंडर लगाए हैं। इस से शहर के अलग-अलग वार्डों में गलियों का निर्माण, ग्रीन बेल्ट का सुधार, पार्कों की मरम्मत करवाने, ओपन जिम लगवाने आदि के कार्य किए जाएंगे। लगभग 19 विकास कार्य इस राशि किए जाएंगे। अगले सप्ताह इन सभी टेंडरों की ऑनलाइन बिड खुलेगी। यह होंगे विकास कार्यः एकलव्य स्टेडियम के पास ग्रीन बेल्ट सुधार पर लगभग दस लाख रुपये, वार्ड 15 में सुभाष नगर में पार्क के सुधार हेतू 10 लाख रुपये, वार्ड 18 में गली व सड़क रिपेयर के लिए 12.71 लाख रुपये, अर्बन इस्टेट में मॉडल पार्क पर 47.33 लाख रुपये, वार्ड 21 में पार्क के सुधार के लिए 6.27 लाख रुपये, वार्ड 22 में पार्क के सुधार के लिए चार लाख , वार्ड 15 में ओपन जीम व खेल के उपकरणों के लिए पांच लाख, वार्ड सात में गली निर्माण जो आनंद के मकान से विनोद के मकान तक बनेगी। इस पर छह लाख रुपये, अर्बन इस्टेट में पार्क के सुधार के लिए 17 लाख रुपये, सेक्टर 11 में पार्किंग के लिए 18 लाख रुपये, वार्ड दो में रेलवे पार्क के सुधार के लिए 12.70 लाख रुपये, अर्ब एस्टेट में मकान नंबर 1337 के सामने पार्क के सुधार के लिए 13 लाख रुपये, वार्ड 24 में न्यू कृष्णा कालोनी में गली निर्माण पर 19 लाख रुपये, वार्ड पांच में गली का निर्माण संदीप ढांडा के मकान तक 42.36 लाख रुपये, वार्ड 24 में काली माता मंदिर की गली निर्माण पर 8.14 लाख, वार्ड दो में गली निर्माण के लिए 10.97 लाख रुपये, भटनागर कालोनी में आजाद के मकान से जेडी 7 तक गली का निर्माण 33.89 लाख रुपये की राशि से किया जाएगा। इससे पहले भी नगर परिषद ने पिछले एक सप्ताह पहले एक करोड़ रुपये की राशि से टेंडर लगाए थे। टेंडरों की ऑनलाइन बिड भी जल्द ही खुलेगी। हालांकि कुछ टेंडरों की बिड इसी सप्ताह के अंत तक खुलने की उम्मीद है। अबतक 80 से ज्यादा निर्माण कार्यों के लिए नप में पिछले एक माह में टेंडर लगाए हैं। यह सभी टेंडर खुलने के बाद शहर में एक माह के अंदर कार्य शुरू करने होंगे।

### टेंडर लगाएः डा अनुराधा



नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि शहर के पार्कों, गलियों व ग्रीन बेल्ट को बेहतर बनाया जा रहा है ताकि लोगों को सुबह व शाम सैर करने के लिए अच्छी सुविधा मिलें। शहर के सुधार के लिए अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं। शहर के सभी वार्डों में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। गलियों के निर्माण और पार्कों के जीर्णोद्धार के लिए टेंडर लगाए गए हैं। पिछले माह भी टेंडर लगाए गए थे। जिनकी तकनीकी बिड खुल चुकी है। जल्द ही ये कार्य शुरू हो जाएंगे।

### शहर के सुधार के लिए चल रहे कार्य

नगर परिषद शहर के सुधार के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसके चलते शहर की सड़कों के दोनों तरफ पड़ी कच्ची जगह को ब्लॉक से पक्का किया जा रहा है ताकि धूल न उड़े और शहर की स्वच्छता भी बनी रहे। गोहाना रोड समेत अन्य जगहों पर यह कार्य चला हुआ है।

## राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने की जांच

# डिलीवरी के समय धमकाने, गालियां देने और दुर्व्यवहार का लगाया आरोप

## प्रेम नगर नरवाना निवासी राजेश ने शिकायत दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



**नरवाना।** शिकायर्ता से बातचीत करते हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना शर्मा।

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना शर्मा गुरूवार को नरवाना पहुंची और डिलीवरी के समय महिला को धमकाने, गालियां देने व दुव्र्यवहार के आरोप के मामले की जांच की। उनके साथ चाइल्ड प्रोटेक्शन अधिकारी सुजाता भी मौजूद रही। आयोग सदस्या ने पीड़ित परिजनों को आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच करवाई जाएगी। जो भी दोषी पाया जाता है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके बाद हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना शर्मा नागरिक अस्पताल जींद पहुंची और निरीक्षण किया। गौरतलब है कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना शर्मा को प्रेम नगर नरवाना निवासी राजेश ने शिकायत देकर बताया था कि 11 फरवरी 2025 को उसकी पुत्रवधू प्रिती पत्नी राहुल को डिलीवरी के लिए नागरिक अस्पताल नरवाना लाया गया था। इसके बाद शाम को प्रीति को डिलीवरी हुई थी। डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा वार्ड की डा. रिया मित्तल ने मरीज के साथ दुव्र्यवहार किया और उसके मुंह पर थप्पड़ मारे गए व उसको धमकाया गया और गंदी-गंदी गालियां दी गई। डॉक्टर द्वारा मरीज को प्रताड़ित करने पर मृत बच्चा पैदा हुआ और मरीज को बहुत ज्यादा ब्लीडिंग हुई थी। जिसके बाद डा. रिया ने मरीज को देखने से मना कर दिया और मरीज के लिए पट्टी और दवाइयां भी बाहर से लाने के लिए बोला गया और कहा गया कि आप इसको कहीं और लेकर चले जाओ और मरीज को जींद नागरिक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा मरीज का चेकअप किया गया और बताया कि मरीज का खून बहुत निकल गया है और इसका बीपी भी बहुत कम है। जिस पर वो मरीज को निजी अस्पताल ले गए। जहां उन्हें पता चला कि इसकी बच्चेदानी फटी हुई है इसको ऑपरेशन के द्वारा ठीक करना पड़ेगा। इसके बाद मरीज को हिसार सर्वोदय हॉस्पिटल में लेकर गए जहां पर इमरजेंसी वार्ड में दाखिल है। परिजनों ने डा. रिया व उसके सहयोगी स्टाफ नर्स के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए बाल संरक्षण आयोग की सदस्य मीना शर्मा ने आश्वासन दिया कि वो इस मामले की जांच करवाएंगे और जो भी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जांच करवाई जा रही

नागरिक अस्पताल जींद के कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना शर्मा ने नरवाना और जींद अस्पताल का निरीक्षण किया है। नरवाना अस्पताल में महिला चिकित्सक के खिलाफ शिकायत दी गई थी। जिसके सिलसिले में वे यहां पहुंची थी। जांच करवाई जा रही है।

# पाई में सीवरेज व्यवस्था को लेकर विधायक और सरपंच में नोकझोंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पूंडरी



**पूंडरी।** पाई में सीवरेज का व्यवस्था का जायजा लेते विधायक सतपाल जांबा।

हल्का विधायक सतपाल जांबा ने गांव पाई में विकास कार्यों का जायजा लिया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सीवरेज व्यवस्था को लेकर सरपंच नरेश कुमार और विधायक के बीच तीखी बहस हो गई, जिसके चलते सरपंच कार्यक्रम के बीच से ही चले गए। विधायक जांबा ने निरीक्षण के दौरान पाया कि लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से बिछाई गई सीवरेज लाइन में कई खामियां हैं। कहीं पर मेनहोल के ढक्कन नहीं थे, तो कहीं उन्हें गली बनाने के दौरान नीचे ही दबा दिया गया। मौके पर मौजूद सरपंच नरेश कुमार और जल स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ जगदीश चंद से विधायक ने जवाब मांगा कि इस लापरवाही के लिए कौन जिम्मेदार है और किस पर कार्रवाई होनी चाहिए। एसडीओ जगदीश चंद ने बताया कि उन्होंने सरपंच द्वारा मांगे गए सभी सीवरेज हाल के लिए रिंग उपलब्ध कराए थे। अब गली के ऊपर मेनहोल का लेवल रखना सरपंच या संबंधित ठेकेदार की जिम्मेदारी थी।

# बस की चपेट मे आने से स्कूटी सवार की जान गई, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज. जींद

गोहाना रोड पर रिलायंस प्लांट के निकट रोडवेज बस की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खरकगागर निवासी दीपक (29) अपने साथी गांव खरकरामजी निवासी वेदपाल के साथ स्कूटी पर सवार होकर शहर की तरफ से गांव पिंडरा की तरफ जा रहे थे। गोहाना रोड रिलायंस प्लांट के निकट पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस उन्हें ओवरटेक कर रही थी। उसी दौरान उनकी स्कूटी बस की चपेट में आ गई। जिसमें दीपक तथा वेदपाल घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। घायल वेदपाल ने बताया कि दीपक तथा वह हुडा ग्राउंड बीमा कंपनी में काम करते हैं। दोनों स्कूटी से गांव खरकरामजी जा रहे थे। शहर में गोहाना रोड पर रास्ते में हादसा हो गया।

### छह साल से फरार चल रहा वांछित अपराधी गिरफ्तार

**जींद।** पुलिस चौकी दनौदा की टीम ने हत्या के आरोप में छह साल से फरार चल रहे राजस्थान पुलिस के वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने 2019 में अपने साथियों के साथ मिलकर नागौर में एक युवक की गोलियां मार कर की हत्या की थी। आरोपित को राजस्थान पुलिस के हवाले किया गया है। पकडे गए आरोपित की पहचान गांव दनौद खुर्द निवासी रोहताश उर्फ कालवा के रूप में हुई है। दनौदा चौकी इंचार्ज रविंद्र सिंह ने बताया कि टीम उनके नेतृत्व में दनौदा गांव के पास गश्त कर रही थी। तभी पुलिस को सूचना मिली कि दनौदा खुर्द का रोहताश उर्फ कालवा जो राजस्थान के नागौर में हत्या के आरोप में वांछित है, अपने घर पर आएगा। जिस पर पुलिस ने आरोपित के घर के पास ट्रैप लगाया। जैसे ही आरोपित अपने घर की तरफ आया तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।



एंटी व्हीकल थैफ्ट पुलिस टीम को सम्मानित करते एसपी राजेश कालिया

### ट्रांसफार्मर चोर गिरोह को पकड़ने वाली टीम सम्मानित

**कैथल।** वीरवार को कार्यालय पुलिस अधीक्षक कैथल में एसपी राजेश कालिया द्वारा ट्रांसफार्मर चोर गिरोह के 6 सदस्यों को काबू करके सराहनीय कार्य के लिए एंटी व्हीकल थैफ्ट पुलिस टीम में शामिल स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार, एसआई शुभकरण, एएसआई जसमेर, एएसआई अशोक, एएसआई जयभगवान, एचसी ईश्म, एचसी लखविंद्र सिंह, एचसी महिला, एचसी राममेहर, एचसी अनिल, एचसी सुभाष, एचसी संदीप, होमगार्ड मनोज, विकास व तरसेम को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उक्त एंटी व्हीकल थैफ्ट पुलिस टीम द्वारा गत पिछले दिनो एक ट्रांसफार्मर चोर गिरोह के 6 सदस्यों को काबू करके ट्रांसफार्मर चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया था। जिनकी गिरफ्तारी से ट्रांसफार्मर चोरी के 38 व बाइक चोरी के 2 मामलों को सुलझाने में सफलता हासिल की गई थी। जिनके महत्वपूर्ण कार्य की सराहना करते हुए एसपी राजेश कालिया ने कहा कि निष्ठा पूर्वक ड्यूटी करके खाकी का मान-सम्मान रखने वाले पुलिस कर्मचारियों पर विभाग को गर्व है।

### निर्माण मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना

**जींद।** निर्माण मजदूरों ने प्रदेश सरकार द्वारा सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से लाखों मजदूरों का पंजीकरण अस्थायी रूप से रद्द करने के खिलाफ भवन निर्माण कामगार यूनियन ब्लॉक कमेटी ने उपायुक्त कार्यालय पर गुरूवार को अनिश्चितकालीन धरने की शुरूआत की। मजदूर नेताओं ने कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो चार मार्च को श्रम मंत्री अनिल विज के आवास का घेराव किया जाएगा। ब्लॉक प्रधान जोगेंद्र, जिला कोषाध्यक्ष संदीप जाजवानने कहा कि हरियाणा सरकार ने बिना किसी तहकीकात व जांच के हरियाणा की श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण मजदूरों को एक झटके में बाहर कर दिया है और लगभग एक लाख मजदूरों के पंजीकरण को रद्द कर दिए हैं। इससे तमाम निर्माण मजदूरों में बीजेपी सरकार के खिलाफ भारी गुस्सा है।

# रेलवे गेटमैन ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझी

- दो दिन के रिमांड पर लिया, अन्य आरोपितों के बारे मे पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



**जींद।** पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपित।

सदर थाना सफीदों पुलिस ने गांव सिल्लाखेड़ी में लगभग एक सप्ताह पहले हुई रेलवे गेटमैन ब्लाइंड मर्डर को सुलझाते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपित से हत्या के ममाले में शामिल अन्य लोगों के बारे मे पूछताछ कर रही है। क्या था मामला गांव सिल्लाखेड़ी रेलवे फाटक पर तैनात गांव जामनी निवासी मनीष घर से अपनी डयूटी के लिए निकला था। सिल्लाखेड़ी रेलवे फाटक के निकट लड़की की शादी मे शामिल हुआ था। जहां मनीष के नाचने के दौरान कहासुनी हो गई। जिसके बाद मनीष को शादी मे शामिल लोग टैंट से बाहर ले गए। जिसके बाद उसके साथ मारपीट की गई। चोट लगने से मनीष की मौत हो गई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतक के भाई राकेश की शिकायत पर अज्ञात लोगो के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। शादी वाली लड़की का भाई गिरफ्तार, दो दिन के रिमांड परः सदर थाना सफीदों पुलिस ने गेटमैन मनीष की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए गांव सिल्लाखेडी निवासी सोमबीर उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। सोमबीर उसी लड़की का भाई है, जिसकी शादी मे मनीष गत सात फरवरी को गया था। मृतक मनीष की डयूटी लड़की के घर से कुछ ही दूरी पर रहती थी। महिलाओं के बीच मनीष का नाचना वहां लड़की परिवार के लोगो को नागवार लगा। जिसके बाद घटना घटित हुई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत से दो दिन के रिमाड पर लिया है। सदर थाना सफीदों प्रभारी विरेंद्र सिह ने बताया कि रेलवे गेटमैन की हत्या के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत से दो दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपित से हत्या मे शामिल अन्य लोगो के बारे मे पूछताछ की जाएगी।

**आदेश** ग्राम सचिवों और पटवारियों की विभिन्न प्रकार की ड्यूटी लगाई : अजय जांगड़ा

# 5 अप्रैल 1995 के बाद जिसके 3 बच्चे, वह नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

नियम के चलते कई संभावित प्रत्याशियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा

अश्वनी खुराना ▶▶। पूंडरी



जानकारी देते रिटर्निंग अधिकारी अजय साथ में सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंशुल।

नगरपालिका पूंडरी चुनावों को लेकर प्रशासन की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी बीच रिटर्निंग अधिकारी एवं एस.डी.एम. अजय जांगड़ा ने स्पष्ट किया कि 1994 के एक्ट नम्बर 3 तहत 5 अप्रैल 1995 के बाद जन्मे तीसरे संतान वाले उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ सकते। इस नियम के चलते कई संभावित प्रत्याशियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। एसडीएम अजय जांगड़ा ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए ग्राम सचिवों और पटवारियों की विभिन्न प्रकार की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित किया जा सके। इस मौके पर उनके साथ सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंशुल अरोड़ा, नोडल अधिकारी अशोक कुमार, अकाउंटैंट सुशील कुमार, जे.ई. प्रदीप गुप्ता, दिनेश कुमार, ग्राम सचिव नरेश कुमार व देवेंद्र शर्मा, पटवारी सोमदत्त शर्मा व सन्नी दओल सहित अन्य मौजूद रहे। डिवेलपमेंट चार्ज बना प्रत्याशियों के लिए चुनौती चुनाव में खड़े होने वाले प्रत्याशियों को इस बार एक नई समस्या का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा पहली बार डिवेलपमेंट चार्ज वसूला जा रहा है, जिससे कई उम्मीदवारों को नामांकन प्रक्रिया में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।अब देखना यह होगा कि इन नियमों और शर्तों के बीच कौन से उम्मीदवार चुनावी मैदान में टिके रहते हैं और जनता किन्हें अपना समर्थन देती है।

# जिप अविश्वास की तारिख चौथी बार, फैसला इस पार या उस पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जिला परिषद चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर तारीख पर तारीख का सिलसिला जारी है। अविश्वास प्रस्ताव पर चौथी बार 24 फरवरी निर्धारित की गई है। पूर्व में तीन बार निर्धारित की गई तारीखो पर डीसी के छुट्टी पर होने तथा कार्यवश बाहर होने के कारण बैठक अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक स्थगित हो चुकी है। बार-बार अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक स्थगित होने के चलते जिला परिषद चेयरमैन ने हाईकोर्ट का सहारा लिया। जिस पर सुनवाई वीरवार को हुई तो चौथी बार 24 फरवरी को अविश्वास के लिए तारीख निर्धारित की गई है। तारीख बार बार या फैसला इस बार कहा तक खरा उतरता है यह तो 24 फरवरी को पता चल पाएगा लेकिन चेयरमैन गुट, असंतुष्ट गुट तथा जिला भाजपा के लिए चेयरमैन पद मूछ का सवाल बना हुआ है। जिला परिषद चेयरमैन मनीषा रंधावा के खिलाफ दिसबर माह के शुरू में ही असंतुष्ट पार्षदों ने मोर्चा खोला हुआ है। 25 पार्षदों वाली जिला परिषद में 18 पार्षदों ने गत दो दिसंबर को डीसी को शपथ पत्र सौंप कर अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक बुलाने की मांग की थी।

## खबर संक्षेप

### मकान का टूटा ताला जेवरात व नकदी चोरी

**जींद।** अजमेर बस्ती में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना, चांदी के जेवरात, नगदी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अजमेर बस्ती निवासी सज्जन ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर जेवरात, तीन हजार रुपये की नगदी चुरा ली।

### पुलवामा शहीदों की याद में रक्तदान शिविर आज

**सफीदों।** पुलवामा शहीदों की याद में आम शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिक मित्र मंडल के तत्वावधान में नगर के महात्मा गांधी मार्ग पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। बतौर अतिथि मुख्यातिथि समाजसेवी देवेंद्र सहरावत, समाजसेवी संजय कौशिक, समाजसेवी पुरूषोत्तम कौशिक, पूर्व पार्षद नरेश जांगड़ा, अग्रवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष प्रवीन मित्तल शिरकत करेंगे।

### बूरा-सिरोही खाप का 12वां स्थापना दिवस दो मार्च को

**सफीदों।** बूरा, सिरोही खाप का 12वां स्थापना दिवस दो मार्च को मनाया जाएगा। कार्यक्रम हाट गांव में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बुटानी मोड़ स्थित बैंक्वेट हॉल में होगा। इस आयोजन का उद्देश्य संस्कृति, संस्कार, धर्म और सम्मान की सुरक्षा करना है। समाज की एकता, भाईचारे को मजबूत करने और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर भी जोर दिया जाएगा।

### सुखी रहने के लिए समदर्शी बनो

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक पं.रामनिवास अहिरका ने कहा कि मानव के लिए केवल लौकिक ही नहीं पारलौकिक उन्नति भी बहुत जरूरी है। इसके लिए हमें अपने मन को उद्देश्य विहीन और निरर्थक कार्यों की तरफ जाने से दृढ़ता से रोकना चाहिए तथा संसार की किसी भी विषय वस्तु का केवल सार ही ग्रहण कर आगे बढऩा चाहिए।

### महिला कॉलेज में संपन्न हुई साप्ताहिक कार्यशाला

**सफीदों।** नगर के सरला मैमोरियल राजकीय कन्या महाविद्यालय में वीरवार को प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा की अध्यक्षता में एनएसएस व वूमेन सैल के संयुक्त तत्वावधान में साप्ताहिक कार्यशाला का समापन हो गया। इस कार्यशाला में छात्राओं ने बड़े सुंदर-सुंदर सॉफ्ट टॉय बनाए। अपने संबोधन में प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने कहा कि इस तरह की वर्कशॉप छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### शस्त्रों के सार्वजनिक रूप से ले जाने पर प्रतिबंध

**जींद।** निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोहम्मद इमरान रजा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है। यह आदेश नगरपालिका समिति जुलाना और सफीदों के शहरी क्षेत्रों में लागू होगा। जहां रविवार दो मार्च को नगरपालिका चुनाव और उपचुनाव आयोजित किए जाएंगे।

### आवेदन पत्रों की त्रुटि 20 तक करवाएं ठीक

**जींद।** जिला कल्याण विभाग ने जानकारी देते बताया कि डा. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए एक अगस्त 2024 से 28 फरवरी 2025 तक आवेदन सरल पोर्टल पर ऑनलाइन किए जा रहे हैं। प्राप्त हुए आवेदनों की जांच के दौरान कुल 1173 आवेदन पत्रों के दस्तावेजों मे कुछ त्रुटियां पाई हैं।

### समाधान शिविर में सुनी 10 समस्याएं

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह तत्पर है। इसी उद्देश्य से लघु सचिवालय के सभागार में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जहां नागरिक समस्याएं रख सकते हैं। कहा कि इन समाधान शिविरों में लोगों को निःसंकोच होकर अपनी समस्या रखनी चाहिए।

## नौ रसों के समावेश की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

# इंडस स्कूल में अनुभूति नवरस का सार रंगारंग कार्यक्रम की रही धूम

### गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में पांचवीं कक्षा के बच्चों द्वारा अनुभूति नवरस का सार विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में एसडीएम सत्यवान सिंह मान और विषिश्ट अतिथि के रूप में सात्विक सिंधु ने शिरकत की। इंडस ग्रुप के निदेश सुभाष श्योराण, स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीन कुमार, इंडस संस्थाओं के कॉर्डिनेटर प्रवीन परूथी, मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने मुख्य अतिथि और विशिष्ठ अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि सत्यवान सिंह मान और विषिश्ट अतिथि सात्विक सिंधु, इंडस ग्रुप और स्कूल के सभी स्वागतकर्ता सदस्यों ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस कार्यक्रम में पांचवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में पांचवीं कक्षा के बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में प्रयागराज कुंभ नृत्य, नौ रसों का समावेश-शांत रस, करूण रस, वीभत्स रस, रौद्र रस, वीर रस, अद्भुत रस, हास्य रस, श्रृंगार रस,




जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो :हरिभूमि




भयानक रस आदि को नृत्य के माध्यम से दर्शाया गया है। जिसमें प्रयागराज कुंभ मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। नौ रसों के समावेश की विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में इस प्रकार की गतिविधियों की अहम भूमिका होती है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के अंदर मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान एवं आत्मविश्वास में भी वृद्धि करती हैं। उन्होंने बच्चों के चंहुमुखी विकास पर प्रकाश डालते कहा कि बच्चों को प्रत्येक गतिविधि में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करना चाहिए और जीवन में अनुशासन का पालन करते हुए अपने लक्ष्य पथ पर चलना चाहिए। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने बच्चों तथा अध्यापकों को प्रोत्साहित करते कहा कि जिंदगी अवसरों का खेल है, जो व्यक्ति साहस के साथ अवसरों का लाभ उठा कर आगे बढ़ता है, वही सफलता की बुलंदियों को छूता है। इस साहस और आत्मविश्वास को विकसित करने के लिए एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं अनुशासन की आवश्यकता है। प्राचार्या अरूणा शर्मा ने कहा कि इंडस स्कूल जींद नित नए आयामों को छूता हुआ हर प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारता है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में शिक्षा, खेल या सांस्कृतिक कार्यक्रम हों, इंडस पब्लिक स्कूल जींद बुलंदियों को छूता हुआ लगातार आगे बढ़ रहा है। स्कूल उपप्राचार्य प्रवीन कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# बच्चे पढ़ाई के साथ सीखेंगे शतरंज की चाल

▪ हरियाणा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में शतरंज शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

35 साल बाद परिवर्तन बदलाव कर भारत सरकार द्वारा लागू की गई देश की नई नेशनल शिक्षा नीति के तहत हरियाणा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग की स्कूली शिक्षा में शतरंज को जोरदार तरीके से शामिल किया जाएगा। भारत सरकार की नई नेशनल शिक्षा नीति को लागू करने वाला देश में पहला प्रदेश हरियाणा राज्य ही होगा। नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा का स्तर सुधार कर ऊंचा करने तथा बच्चों का टैलैंट निखारने के लिए ये नई पहल की गई है। शतरंज के प्रधान महाभारत के भीष्म पितामह शक्तिमान मुकेश खन्ना के नेतृत्व वाली हरियाणा शतरंज (एचसीए) के प्रदेश महासचिव अखंड ब्रह्मचारी अविवाहित कुलदीप शतरंज और हरियाणा सरकार के शिक्षा ंत्री महिपाल ढांडा के बीच आयोजित एक बैठक के दौरान शतरंज को शिक्षा विभाग में शामिल करने बारे विशेष बातचीत हुई। शिक्षा मंत्री ने शिक्षा विभाग के बड़े सीनियर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे शतरंज को शिक्षा विभाग में शामिल करने बारे एक रिपोर्ट तुरंत प्रभाव से जल्द से जल्द ही तैयार कर मंत्री के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि जल्द ही शतरंज को शिक्षा विभाग में आप्शनल सबजेक्ट पाठयक्रम के रूप मे शामिल किया जा सके। भारतीय ओलंपिक संघ आईओए से मान्यता प्राप्त एवं वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयकर छूट प्राप्त हरियाणा शतरंज एसोसिएशन एचसीए के प्रदेश महासचिव अखंड ब्रह्मचारी अविवाहित कुलदीप शतरंज ने बताया कि पढ़ाई-लिखाई के साथ अब प्रदेश के स्कूलों मे डिजिटल ऑनलाइन व ऑफलाइन तरीके से बच्चों की तार्किक क्षमता बढ़ाने का काम भी शुरू किया गया है। नई नेशनल शिक्षा नीति में शतरंज को पूरी ताकत के साथ बढ़ावा देने की बात कही गई है। साथ ही कहा गया है कि भारतीय खेल शतरंज का उदय भारत में ही हुआ है। भारत देश के स्कूली बच्चों को शतरंज से अनिवार्य रुप से जोड़ा जाना चाहिए।



जींद। फस्ट एड के गुर सिखाते एनडीआरटी सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### सुरक्षा कार्यक्रम के तहत आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

**जींद।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम के सहयोग से विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को आपदा के समय उचित बचाव और सुरक्षा उपायों की जानकारी देना था। एनडीआरएफ टीम का नेतृत्व निरीक्षक त्रिलोक सिंह ने किया। जिनके साथ महिला कर्मी पूनम और अमिता भी उपस्थित रही । जिला आपदा प्राधिकरण से संतराए विक्रम मोर और नवीन ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। यह कार्यक्रम उझाना के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और नरवाना के केएम राजकीय महाविद्यालय में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया । इन सत्रों में छात्रों को सीपीआर तकनीक भूकंप के दौरान सुरक्षा उपाय प्राथमिक चिकित्सा बाढ़ से बचाव और गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि उझाना जो की बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है के निवासियों और विद्यार्थियों को बाढ़ से बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

### गोपाल स्कूल में आशीर्वाद समारोह आयोजित

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में इस सत्र के समापन पर दसवीं व बारहवीं कक्षा के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य तथा उत्तम परीक्षा परिणाम हेतु आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। आशीर्वाद समारोह का शुभारंभ हवन यज्ञ में मंत्रोच्चारण द्वारा आहुति डालकर किया गया। हवन यज्ञ के दौरान छात्रों के स्वास्थ्य व उत्तम परीक्षा परिणाम के लिए संकल्प लिया गया। दैवीय शक्तियों को स्मरण करते हुए विद्यालय की उन्नति के लिए बारम्बार प्रार्थना की गई। विद्यार्थियों और आचार्यों में अनवरत स्मृति बनाए रखने के लिए छात्रों के साथ सामूहिक छायाचित्र लेने के बाद सभी विद्यार्थी अपने कक्षाचार्यों सहित यज्ञ में शामिल हुए। यज्ञ के बाद प्रधानाचार्य अजय व कक्षाचार्यों द्वारा छात्रों पर पुष्पवर्षा करते हुए सफल होने का आशीर्वाद दिया गया। बारहवीं कक्षा के अनेक छात्रों द्वारा भी अपने शिक्षकों के प्रति आदर व सम्मान की भावना रखते हुए अपने अनुभव सांझा किए गए। अजय द्वारा बच्चों को आगामी परीक्षा संबंधित निर्देश दिए गए। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, सचिव पंकज शर्मा व कोषाध्यक्ष अश्विनी गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की गई।



जींद। होनहार छात्रों को सम्मानित करते प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### जेईई मेन्स परीक्षा में डीएवी स्कूल के छात्र रहे अव्वल

**जींद।** राष्ट्रीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स में डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों ने फिर से परचम लहराया है। मंगलवार सायं को जैसे ही जेईई मेंस की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जिसमें पारुल ने 95.24, प्रियांशु ने 94.0 व अंश ने 93.5 परसेंटाइल प्राप्त किया। इसी के साथ विद्यालय के 15 से अधिक छात्रों ने परीक्षा को उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है जो जींद शहर के साथ-साथ इस पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। विद्यालय की प्राचार्य रश्मि विद्यार्थी ने बताया कि डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल जींद हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और इस विद्यालय ने देश को उच्च स्तर के खिलाड़ी, डॉक्टर, आईएएस ऑफिसर, आईपीएस ऑफिसर के साथ-साथ इंजीनियर और साइंटिस्ट भी दिए हैं। इस विद्यालय से पढ़े हुए अनेकों छात्र व छात्राएं आज राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विद्यार्थियों ने सब का श्रेय अपनी प्राचार्य शिक्षकों और माता-पिता को दिया और स्कूल का आभार व्यक्त करते हुए कहा की विद्यालय से मिले संस्कार शिक्षा और माहौल की वजह से हम हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाते हैं।

### भड़ताना की छात्रा किरण ने पास की एनएमएमएस के तहत छात्रवृत्ति परीक्षा

**जींद।** एनएमएमएस के तहत आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में राजकीय उच्च विद्यालय भडताना की आठवीं कक्षा की छात्रा किरण पुत्री जगदीश ने परीक्षा पास की है। इस स्कीम के तहत छात्रा को दो वर्ष तक एक हजार प्रति मास भारत सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाएगी। जोकि विद्यालय तथा गांव के लिए गर्व की बात है। ऐसा पहली बार हुआ है की कोई छात्रा पहली बार राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए चयनित हुई है। किरण वर्तमान एसएमसी प्रधान जगदीश की पुत्री हैं। मुख्य अध्यापक कुलदीप सिंह ने बताया कि किरण बहुत होनहार और मेहनती तथा हर स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली छात्रा है। इस उपलब्धि में कुलदीप सिंह, श्रीभगवान शास्त्री और कुसुमलता का योगदान रहा है। किरण की उपलब्धि पर सरपंच सुखबीर नरवाल और समाजसेवी संदीप ने भी छात्रा को बधाई दी तथा विद्यालय के अध्यापक के मनजीत, राजेश, निर्मल आर्य, सीमा, सुमन, कुसुम, जितेंद्र चहल, सचिन दलाल, विजेंद्र मोर बधाई दी।

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन में मनाया राष्ट्रीय महिला दिवस

### समाज में महिलाओं का योगदान किसी से अछूता नही : जतिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बीबीपुर के यदुवंशी शिक्षा निकेतन में वीरवार को राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य जतिन कथूरिया ने विद्यार्थियों को महिला दिवस का महत्व समझाया और समाज में महिलाओं के योगदान की सराहना की। कहा कि महिलाओं का सम्मान हर व्यक्ति का कर्तव्य है और हमें उन्हें उपहार देकर उनकी प्रशंसा कर और उनके प्रयासों को सराहते हुए उनके योगदान को मान्यता देनी चाहिए। सम्मान समारोह में विद्यालय के सभी



जींद। स्टाफ को सम्मानित करते प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से महिला शिक्षिकाओं के योगदान की सराहना की गई। विद्यालय में इस खास अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्राओं ने सुंदर रंगोली बना कर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने नारी शक्ति-एक प्रेरणा विषय पर अपने विचार सांझा किए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्र व छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर बनाए। जिनमें महिलाओं के प्रति सम्मान और उनके अधिकारों पर संदेश दिए गए। विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र व छात्राओं द्वारा नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत किए गए। जिनमें महिलाओं के संघर्ष और उनकी उपलब्धियों को दर्शाया गया। चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि नारी केवल घर की दीवारों तक सीमित नही है, वह समाज की धुरी है। हमें महिलाओं का सम्मान करना चाहिए, न केवल एक दिन बल्कि हर दिन। जब भी मौका मिले हमें अपने जीवन में महत्वपूर्ण महिलाओं को उपहार और सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन करना चाहिए।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### विश्व कल्याण के लिए श्रद्धालुओं ने की प्रार्थना

**जींद।** महान शक्ति संगठन कला धाम के तत्वावधान में रोहतक रोड चौड़ी गली में विश्व कल्याण एवं सर्व सुख शांति के लिए चल रहे 11 दिवसीय महा अखंड जाप के आठवें दिन विश्व कल्याण के लिए श्रद्धालुओं ने प्रार्थना की। ऋषि सुखदेव महाराज ने कहा कि प्रभु की कृपा तो रात-दिन बरसती है। बस जरूरत है तो अपने पात्र को सीधा, स्वच्छ व शुद्ध पवित्र करने की। सुखदेव महाराज ने कहा कि भगवान की अपार कृपा, सच्चे प्रेम एवं वास्तविक आनंद को प्राप्त करने के लिए इंसान के पास पूर्ण समर्पण, सत्य गूढ़ ज्ञान एवं शुद्ध पवित्र विचारों का होना अति आवश्यक है। इंसान का परिचय भले ही चेहरे से होता हो लेकिन इंसान की संपूर्ण पहचान तो उसकी वाणी, व्यवहार और शुद्ध पवित्र विचारों से ही होती है। ऋषि सुखदेव महाराज ने कहा कि मन, कर्म, वचन और विचारों से जितना पवित्र रहोगे, भगवान के उतना करीब रहोगे।

# सरोजिनी नायडू ने महिला अधिकारों को लेकर आवाज उठाई : डा. गीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा भारत की महान स्वतंत्रता सेनानी और कवयित्री सरोजिनी नायडू की जयंती के अवसर पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का विषय नारी सशक्तिकरण (वुमेन इम्पावरमेंट) था। जिसमें महाविद्यालय के कई छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डा. गीता गुप्ता ने महिलाओं के अधिकारों, स्वतंत्रता और शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. गीता गुप्ता। फोटो :हरिभूमि

सरोजिनी नायडू ने ऐसे समय में महिलाओं की स्वतंत्रता के लिए आवाज उठाई। जब समाज में अधिकतर महिलाएं अशिक्षित थी या घूंघट में रहने को मजबूर थी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सरोजिनी नायडू ने नारी शिक्षा, समानता और स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया और स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



जींद। ढाठरथ में किसानों को जानकारी देते डा. प्रीति मलिक व अन्य।

### प्राकृतिक खेती पर ग्रामस्तरीय जागरूकता कैंप आयोजित

**जींद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा गांव ढाठरथ में प्राकृतिक खेती पर ग्राम स्तरीय जागरूकता कैंप का आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला विस्तार विशेषज्ञ डा. प्रीति मलिक ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने का आह्वान किया तथा प्राकृतिक खेती के तरीकों से अवगत करवाया। बीजामृत, जीवामृत व घनजीवामृत बनाने की विधि के बारे में किसानों को जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों पर प्रकाश डाला तथा किसानों से इस पद्धति से खेती करना का आग्रह किया। हमेटी के प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षक डा. सुभाष चंद्र ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता है। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर दिया व मोटे अनाजों का उत्पादन व उनको जीवन में अपनाने के लिए प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज पोषण व गुणों से भरपूर हैं।

## मोतीलाल स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

# जूनियर ने दी सीनियर विद्यार्थियों को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में कक्षा बारहवीं के छात्रों के विदाई समारोह के रूप में मनाया गया। इस समारोह का आयोजन कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने अपने सीनियर विद्यार्थियों को विद्यालय जीवन से महाविद्यालय में प्रवेश कर अपने नए जीवन की ओर अग्रसर होते हुए विदाई समारोह के रूप में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष संदीप दहिया, प्रशासक वीपी शर्मा, प्राचार्य रविंद्र कुमार एवं विद्यालय समन्वयक सुरेंद्र द्वारा विद्यालय के




जींद। कार्यक्रम में प्रस्तुत देते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

अध्यापकों एवं विद्यार्थियों सहित दीप प्रज्वलन कर दिया गया। समारोह में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनमें एकल गान, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य कविता पाठ आदि गतिविधियों से इस कार्यक्रम को अत्यधिक प्रेरणादायी एवं मनोरंजक बनाया गया। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय सफर को अनूठे ढंग में स्मरण करते हुए विभिन्न गतिविधियां प्रस्तुत कर अपने विद्यार्थी जीवन को बड़े ही सुंदर ढंग से अभिव्यक्त किया तथा अपने अनुभव सांझा किए। इस कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को आने वाले उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा जीवन में अनुशासन परिश्रम एवं लगन से अपने जीवन को सफल बनाते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जीवन विद्यार्थी के जीवन का स्वर्ण काल होता है, जो कभी भी नहीं भुलाया जा सकता। क्योंकि यही वह समय होता है, जब वह अपना व्यक्तित्व निर्माण करने के लिए अपने गुरुओं से जीवन के गुर सीखता है और उन्हें अपना कर एक उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होता है। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अध्यापकों से भी कई प्रकार की गतिविधियों में भागीदारी करवा कर कार्यक्रम को रोचक बना दिया। विदाई समारोह में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा सभी अध्यापकों एवं विद्यालय के सभी कर्मचारियों को उपहार भी दिए गए। संदीप दहिया ने कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों की उन्नति o उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते भविष्य में भी इसी प्रकार उनका साथ देने का वादा करता है।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### स्वास्थ्य सखी अभियान के तहत किया जागरूक

**जींद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल जुलाना की छात्राओं को जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि मासिक धर्म के दौरान साफ.-सफाई रखना बहुत जरूरी है। महिलाओं व छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल करना चाहिए। इस्तेमाल के बाद सेनेटरी नैपकिन खुले में नही फैंकना चाहिए बल्कि इसे एक पेपर में लपेट कर जला दें। यदि सेनेटरी पेड संभव नही है तो साफ सूती कपड़े का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। गंदे कपड़े का इस्तेमाल से महिलाओं को बीमारियां हो सकती हैं। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान एमडीडी ऑफ इंडिया की तरफ से छात्राओं को नेपकीन वितरित किए गए। पैनल अधिवक्ता सारिका रानी ने भी महिलाओं की स्वच्छता बारे विस्तार से चर्चा की।

## खबर संक्षेप



### खो-खो में डुल्यानी की टीम अव्वल

कैथल। नेहरू युवा केंद्र कैथल द्वाराविभिन्न युवा एवं युवती मंडलों के सहयोग से दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का इंडोर स्टेडियम पूंडरी में समापन हुआ। इसके तहत दूसरे दिन महिला वर्ग में खो-खो प्रतियोगिता, 400 मीटर रेस व लांग जम्प आदि खेल स्पधार्ओं का आयोजन हुआ। इसमें खो-खो प्रतियोगिता में गांव डुल्यानी की टीम ने प्रथम व नरड गांव की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लांग जम्प में प्रथम स्थान चांदनी, द्वितीय स्थान निशो देवी व तृतीय स्थान पलक ने प्राप्त किया।

### हरिद्वार के नंगली बेला आश्रम में कैंप लगाया

जींद।भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा स्टेट ब्रांच चंडीगढ़ की तरफ से जेआरसी काउंसलर डीलिंग असिस्टेंट जिला शिक्षा अधिकारी, डीलिंग असिस्टेंट जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी का कैंप हरिद्वार के नंगली बेला आश्रम में 11 से 13 फरवरी 2025 तक आयोजित किया। जिला शिक्षा अधिकारी जींद की तरफ से डीलिंग असिस्टेंट देवेंद्र कुमारए काउंसलर सुधीर कौशिक, देवेंद्र डीईपी ने भाग लिया।

### जिप परिसर में रोजगार मेला सत्रह फरवरी को

कैथल। जिला रोजगार अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि आगामी 17 फरवरी को जिला रोजगार कार्यालय कैथल की ओर से जिला परिषद परिसर में सुबह 10 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, पुखराज हेल्थकेयर, स्कूल कैथल, स्वाभिमान फाइनेंस, लाइव एजुकेशन कंसल्टेंसी आदि कंपनियां भाग ले रही हैं। योग्यता 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट के इच्छुक प्रार्थी नौकरियों के पंजीकरण के लिए इस रोजगार मेला में शिक्षक, वेलनेस एडवाइजर, सेल्स ऑफिसर, फील्ड ऑफिसर आदि पदों के लिए भाग ले सकते हैं

### गोल्ड लाइफ स्कूल का दीक्षांत समारोह संपन्न



राजौंद। गोल्ड लाइफ स्कूल के वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन शहनाई गार्डन राजौंद में किया गया। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव कुमार ने सभी का स्वागत किया और विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। कक्षा 12वीं के मेधावी छात्र छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। गौतम शर्मा को मिस्टर फेयरवेल , तनु और दीक्षा को मिस फेयरवेल, प्रिंस मिस्टर गोल्ड लाइफ तथा खुशी और दिव्या को मिस गोल्ड लाइफ के रूप में चुना गया।



### स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले दो काबू

जींद। सीआईए स्टाफ सफीदों की टीम ने हुडा सेक्टर सफीदों से स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दोनों ने गत 30 जनवरी की रात को एक व्यक्ति से नगदी व मोबाइल फोन छीना था। गुरूवार को जानकारी देते हुए सीआईए इंचार्ज कमल सिंह ने बताया कि बहातर तहसील कुपवाडा जम्मु हाल आबाद शहर सफीदों निवासी महराज ने शिकायत दी थी कि उस से 20,500 रुपये की नगदी व मोबाइल फोन छीन लिया गया। पुलिस ने महराज की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था।

## कांग्रेस के पास संगठन नहीं: कृषि मंत्री


# सोनीपत के गन्नौर में बन रही विश्व की सबसे बड़ी मंडीः श्याम सिंह राणा

- कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किया औचक मंडी निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंडी का औचक निरीक्षण किया। यहां पर मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया से विस्तार से फसल के सीजन, कार्यालय संबंधित जानकारी ली। पत्रकार वार्ता में श्याम सिंह राणा ने कहा कि मंडियों में औचक निरीक्षण किया जाता है ताकि किसानों, आढ़तियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

मार्केट कमेटी के कार्यालय में अधिकारी, कर्मचारी सही तरीके से ड्यूटी करें। राणा ने कहा कि



जींद। मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

हिंदुस्तान का दिल दिल्ली है। दिल्ली के मतदाताओं ने पूर्ण बहुमत से भाजपा को सत्तासीन करने करा काम किया है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकारें बढ़ रही है। विकास के काम तेजी से हो रहे है। संगठन को मजबूत करने में हमारा पार्टी का जो सिस्टम है राष्ट्रीयध्यक्ष, प्रदेशाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष और मंडलध्यक्ष, बूथों के अध्यक्ष हैं और सब मिलकर काम कर रहे है।

आने वाले दिनों में जो चुनाव आएगा संगठन के माध्यम से सरकार के विकास के साथ चुनाव जीते जाते है ओर लगातार जीतेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संगठन नहीं है। बैगर संगठन के चुनाव जीते नहीं जाते। किसी पर आरोप लगाना दोष देता गलत बात है। कांग्रेस का सिस्टम व्यक्तिगत है कांग्रेस में संगठन नहीं है। केंद्र में 2014 से भाजपा की सरकार है। पीएम नरेंद्र मोदी ने किसानों की आय बढ़ाने का वायदा किया था। किसानों की आय भाजपा के राज में बढ़ रही है। एमएसपी पर सभी फसलें खरीदी जाती है। हर साल एमएसपी बढ़ कर आता है। किसानों की आमदन पहले से बढ़ रही है। श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा का ध्यान पूरी तरह किसानों के लिए समर्पित हैं। किसानों के लिए सरकार काम कर रही है। गन्नौर की अनाज मंडी हैं वो फल मंडी भी है। वो मंडी इतनी बड़ी है 550 एकड़ में 2600 करोड़ रुपये का उसका बजट है। दुनिया की बड़ी दो मंडियो में से एक है।

### ये रहे मौजूद

एक मंडी फ्रांस में है ओर दूसरी हिंदुस्तान में बन रही है। इससे किसानों को बड़ा फायदा होगा। उसमें रेल का भी प्रबंधन होगा आने का और एक्सपोर्ट होगा और हेलिकॉप्टर भी उतरेगा। किसानों के लिए वहां सुविधा है मंडी है। 17 यार्ड बनने जा रहे है। इस मौके पर मंडी प्रधान विकास नचार, सत्यनारायण मखंड, रामनिवास बुडायन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राजकीय कालेज में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन



राजौंद। कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजकीय महाविद्यालय में खेलकूद कमेटी के अंतर्गत तीसरी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर अविनाश पाठक प्राचार्य लदाना चक्कू ने शिरकत की। डॉ पाठक ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है, खेलों से विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ-साथ सामाजिक विकास भी होता है। विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। प्राचार्य डॉक्टर दीपक ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान खेलकूद कमेटी इंचार्ज विक्रम इतिहास ने एथलेटिक मीट के आयोजन में अपनी सूझबूझ का परिचय दिया। मंच का संचालन रविंद्र कुमार ने किया। राम मेहर सिंह, सुदेश व विक्रम सिंह ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में लड़कों की 100, 400 मी दौड़ लड़कियों की 100, 200 मी दौड़ जैवलिन थ्रो, सैकरेस लॉन्ग जंप, शॉट पुट सहित कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह सभी गतिविधियां प्रशिक्षक स्टाफ प्रवीण कुमार व हरदीप सिंह के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में मंजू प्रथम, आरती द्वितीय, कोमल तृतीय, लॉन्ग जंप में मंजू प्रथम, अंजलि द्वितीय, नेहा तृतीय स्थान पर रही।

# एडीसी ने किया विभिन्न वार्डो में विकास कार्यों का निरीक्षण



कैथल। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा विकास कार्यों का निरीक्षण करते।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने वीरवार को शहर के विभिन्न वार्डो का दौरा किया और वहां पर हुए विकास कार्यो का निरीक्षण किया और उनकी गुणवता भी जांची। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्य शुरू करने से पहले फिजिबिलिटी जरूर चेक करें। विभिन्न वार्डों में जो विकास कार्य समयबद्ध पूरे करवाएं और उनमें गुणवता का विशेष ध्यान रखा जाए। अगर किसी विकास कार्य में कोई दिक्कत आ रही है तो संबंधित विभाग अवगत करवाएं, ताकि उस समस्या का समाधान किया जा सके। संबंधित विभाग अपने विकास कार्यो को प्रभावी रूप से पूरा करवाने में आपसी तालमेल बनाएं और कार्य समय पर पूरा करवाएं। इस अवसर पर उनके साथ नगर परिषद कार्यकारी अभियंता रवि ओबेरॉय, जेई सागर व विकास सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 24 घंटे मिलेगी जिला पुस्तकालय की सुविधा

- उच्चतर शिक्षा विभाग ने लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला पुस्तकालय में अब छात्रों को 24 घंटे पढने की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए मुख्य सचिव हरियाणा सरकार द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के इस निर्णय से जिला के उन छात्रों को फायदा होगा जो पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी करते हैं। अब उन्हें समय की पाबंदी नही होगी और वो 24 घंटे जिला लाइब्रेरी की सुविधा उठा सकेंगे। **यह सुविधाएं हैं उपलब्धः** जिला पुस्तकालय में इंटरनेट, फर्नीचर डेस्क, वातानुकूलित रीडिंग रूम इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध हैं। पिछले दिनों जिला पुस्तकालय जींद में गुरप सी व गुरप डी में 20 पाठकों का सिलेक्शन हुआ है। लाइब्रेरी का




जिला लाइब्रेरी जींद।

लाभ उठाने के लि लाइब्रेरी में अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन के बाद लाइब्रेरी में आप बैठ कर किताबें पढ़ सकते हें। अब मुख्य सचिव हरियाणा सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार जिला पुस्तकालय को 24 घंटे खोलने का निर्णय हुआ है। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के इस निर्णय के अनुसार जिला पुस्तकालय जींद भी पुस्तकालय में पढने के इच्छुक पाठकों से आग्रह करती है कि वह इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

# सर छोटूराम की प्रतिमा स्थापित

- समाज के लोगों ने मेरा राम, छोटू राम के नारे भी लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के पिहोवा चौक के निकट समाज के लोगों द्वारा बुधवार को नवनिर्माणाधीन चौक पर सर छोटू राम की प्रतिमा स्थापित की। इस अवसर पर समाज के लोगों द्वारा मिठाइयां भी बांटी गई। समाज के लोगों ने मेरा राम, छोटू राम के नारे भी लगाए। बता दें कि नगर परिषद कैथल द्वारा कैथल के पिहोवा चौक के निकट स्थित किसान सर छोटू राम का नवनिर्माण करवाया जा रहा है। इस चौक पर स्थापित करने के लिए किसान मसीहा सर छोटू राम की प्रतिमा की आवश्यकता थी। प्रतिमा को लेकर समाज के लोग सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला से मिले तथा यहां पर मूर्ति रखवाए जाने का अनुरोध किया। समाज के अनुरोध को स्वीकारते हुए सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बुधवार को सर छोटू राम की प्रतिमा समाज



कैथल। कैथल के नवनिर्माणाधीन चौक पर सर छोटू राम की प्रतिमा स्थापना पर मिठाइयां बांटते समाज के लोग फोटो हरिभूमि

के लोगों को सौप दी। समाज के लोगों द्वारा नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से इसे कैथल के पिहोवा चौक के निकट नवनिर्माणाधीन सर छोटू राम चौक पर स्थापित किया। मूर्ति सौपी जाने को लेकर समाजसेवी जगरूप ढुल व समाज के लोगों ने रणदीप सिंह सुरजेवाला का आभार जताया। रोशन लाल पाडला ने कहा कि छोटू राम किसान, मजदूर व कमेरा वर्ग के सच्चे सिपाही थे। उन्होंने किसान व कमेरा वर्ग की भलाई के लिए काम किया। सर छोटू राम की यह मूर्ति हमें उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान करती है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जगरूप ढुल, सूरज सहारण, बालकू राम, केशा राम प्योदा, सेवा सिंह कुलतारन, धर्मबीर केमिस्ट, प्रदीप कुंडू, नगर पार्षद नरेश गोगिया, निजी सचिव कपिल बंसल, जसविंद्र मलिक आदि उपस्थित थे।

### अर्जुन नगर और क्योड़क बस्ती लगाया गया जागरूकता शिविर



मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव रीतू महिलाओं को संबोधित करते हुए

कैथल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्षा एवं जिला एवं सत्र न्यायधीश रितु वाई.के. बहल ने वीरवार को हरियाणा विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कानूनी अभियान स्वास्थ्य सखी मासिक धर्म स्वच्छता के लिए बाधाओं को तोड़ना के तहत अर्जुन नगर, सिरटा रोड कैथल और क्योड़क बस्ती करनाल रोड कैथल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव रीतू ने बताया कि शिविर में मौजूद महिलाओं और बालिकाओं को मासिक धर्म से संबंधित जानकारियां दी गई और उन्हें इस संदर्भ में स्वस्थ रहने के बारे में जागरूक किया गया। बेहतर आहार लेने के लिए परित किया गया। उन्हें समझाया गया कि मासिक धर्म के बारे में जानकारी की कमी के परिणामस्वरूप अस्वच्छ और अस्वास्थ्यकर मासिक धर्म प्रथाएं और नकारात्मक दृष्टिकोण पैदा होता है, जो दूसरों के बीच शर्मिंदगी, धमकाने और यहां तक कि लिंग आधारित हिंसा को प्रेरित करते हैं। लड़कियों और महिलाओं की पीढ़ियों के लिए, खराब मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को बढ़ा रही है।

# पार्क बदहाल, न झूले न उगी घास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उचाना कलां में बना पार्क बदलहाल बना हुआ है। पार्क के सौंदर्यीकरण सहित पार्क में झूले लगाने सहित अन्य पार्क संबंधित सुविधाएं मुहैय्या करवाने की मांग नपा प्रशासन से की। उचाना कलां के लोगों को पार्क की सौगात 27 मई 2012 को मिल गई थी। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पार्क का निर्माण कराया गया था। काफी सालों तक जन स्वास्थ्य विभाग पार्क की देखभाल करता था। अब काफी समय से नगर पालिका के अधीन पार्क है। पार्क में जो गेट लगे है वो टूटे होने के चलते बेसहारा पशु पार्क में आते.जाते है। पार्क तो बना दिया है लेकिन पार्क में न तो झूले लगे है न ही फव्वारे यहां पर लगाए गए है। पार्क में पेड़, पौधें नहीं लगे है तो न ही घास उगी हुई है। सुबहए शाम यहां सैर को आने वाले



जींद। उचाना कलां का बदहाल पार्क।

लोगों को पार्क में जो सुविधाएं मिलनी चाहिए वो नहीं मिल रही है। सतीश, राजेंद्र, मुकेश ने कहा कि पार्क करीब 12 साल पहले बन कर तैयार हो चुका था। पार्क की शुरूआत में यहां पर पौधे लगाए गए थे तो झूले, फव्वारे लगाने के साथ-साथ पार्क में बीच में झील बनाने की प्लॉनिंग भी थी। कुछ समय के बाद पार्क बदहाल होने लगा। पार्क की देखभाल नहीं होने से यहां पर जो घास लगाई गई वो खराब होने लगी। जो पौधे लगाए गए थे ।

# नसबंदी-नलबंदी पखवाडे को सफल बनाने की कवायद

- हिसार से सर्जन आकर जींद में करेंगे नसबंदी-नलबंदी के आपरेशन
- जींद के दो सर्जन लंबी छुट्टी पर, एक सर्जन पर बढ़ा बोझके आप्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसंख्या नियंत्रण को लेकर नसबंदी-नलबंदी पखवाडा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े के तहत रजिस्ट्रेशन भी किए जा रहे हैं लेकिन नागरिक अस्पताल को सर्जन ही उपलब्ध नही हो पा रहे हैं। हालांकि अस्पताल के पास तीन सर्जन हैं। जिनमें से दो लंबी छुट्टी पर हैं। अब एक सर्जन पर ही सर्जरी का सारा भार है।

जिस पर स्वास्थ्य मुख्यालय को समस्या से अवगत करवाया गया। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर हिसार से सर्जन डा. राजीव डाबला जींद अस्पताल में नसबंदी-नलबंदी आपरेशन करेंगे।



जींद। नागरिक अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए लगी लाइन।

### जींद अस्पताल के पास तीन सर्जन, दो गए लंबी छुट्टी पर

नागरिक अस्पताल जींद की बात की जाए तो यहां तीन सर्जन कार्यरत हैं। इनमें से एक सर्जन डा. चंद्रमोहन हैं, जो पिछले काफी लंबे समय से छुट्टी पर हैं। दूसरे सर्जन डा. कर्मबीर हैं जो दो माह की छुट्टी पर हैं। ऐसे में तीसरे सर्जन डा. शुभम पर सारी सर्जरी का भर आ गया है। अस्पताल की आम सर्जरी के अलावा नसबंदी-नलबंदी पखवाडे के तहत सौ से अधिक लोगों के रजिस्ट्रेशन हुए हैं।

### हिसार से डा. राजीव डाबला देंगे जींद अस्पताल में सेवाएं

नागरिक अस्पताल में सर्जरी बोझ को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। अगर प्रतिदिन की बात की जाए तो यहां दो से तीन आप्रेशन होते हैं। वहीं अब नसबंदी और नलबंदी के भी आप्रेशन हैं। जोकि एक सर्जन से नही संभाले जा सकते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर हिसार नागरिक अस्पताल से डा. राजीव डाबला को जींद में आप्रेशन के लिए नियुक्त किया गया है ताकि नसबंदी और नलबंदी के जो आप्रेशन हैं, उन्हें सुचारू रूप से किया जा सके और जिन पुरूष तथा महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया है, उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

### हिसार से सर्जन डा. राजीव करेंगे आपरेशन : डा. भोला

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि नसबंदी व नलबंदी के तहत रजिस्ट्रेशन किए गए लोगों के हर हाल में आप्रेशन किए जाएंगे। इन आप्रेशन को हिसार से सर्जन डा. राजीव डाबला द्वारा किया जाएगा। अस्पताल के दो सर्जन लंबी छुट्टी पर हैं। अस्पताल प्रबंधन का प्रयास है कि नसबंदी व नलबंदी आप्रेशन के लिए किसी तरह की कोई परेशानी न आए।

**कार्यक्रम** नई दिल्ली में आयोजित में देशभर के उत्कृष्ट कैडेट्स ने हिस्सा लिया

# कैडेट अभिनव ने आरडी कैंप में बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के कैडेट अभिनव ने राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रतिष्ठित गणतंत्र दिवस कैंप 2025 में भाग लेकर अपने संस्थान और एन सी सी इकाई 10 हरियाणा बटालियन कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया। यह कैंप एनसीसी मुख्यालय, नई दिल्ली में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर के उत्कृष्ट कैडेट्स ने हिस्सा लिया।

कैडेट अभिनव ने इस एक महीने चले कैंप में कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया और ड्रिल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रधानमंत्री रैली सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम में उनकी उपलब्धि की सराहना की गई।



कैथल। एनसीसी कैडेटस को सम्मानित करती प्राचार्या सुचिता गुप्ता तथा उपप्राचार्य डाल चंद फोटो : हरिभूमि

कैडेट अभिनव ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, गणतंत्र दिवस कैंप में शामिल होना मेरे लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। इसने न केवल मेरे व्यक्तित्व को निखारा बल्कि राष्ट्रसेवा के प्रति मेरी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।उनकी इस सफलता पर पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम में आज कैडेट अभिनव को विद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी जोगेन्द्र सिंह ने बताया की कैडेट अभिनव ने अपने समर्पण, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर इस गौरवशाली अवसर को प्राप्त किया है। उनकी यह उपलब्धि हमें यह सिखाती है कि सपने वही सच होते हैं, जिनके लिए आप ईमानदारी से प्रयास करते हैं।विद्यालय प्राचार्या सुचिता गुप्ता ने कैडेट अभिनव की इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की तथा बताया की अन्य छात्रों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए और कठिन परिश्रम करना चाहिए क्योंकि संघर्ष जितना कठिन होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी। इस अवसर पर विद्यालय उप प्राचार्य डाल चंद गुप्ता और अन्य शिक्षक गण उपस्थित थे।

# सारन के दो विद्यार्थियों ने हासिल की एनएमएमएस छात्रवृत्ति, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना 2024-25 की छात्रवृत्ति परीक्षा में स्कूल के दो बच्चों का चयन होने पर उनके सम्मान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय सारन, कैथल में दोनों बच्चों क्रमशः कर्ण ग्रोवर तथा वर्षा को स्कूल के मुख्याध्यापक दलबीर राठी ने फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया । दलबीर राठी ने बताया ये छात्रवृत्ति परीक्षा दिनांक 17 नवम्बर 2024 को आयोजित की गई थी।

हरियाणा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निर्देशानुसार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (इरएल), भिवानी द्वारा आयोजित की गई थी। इस स्कीम में आवेदन करने वाला छात्र सरकारी स्कूल का होना चाहिए और छात्र की पारिवारिक आय 350000 से कम होनी चाहिए ।इस योजना के तहत चयनित होने पर छात्र-छात्राओं को 9वीं से 12वीं तक कक्षाओं की पढ़ाई के दौरान 1000 प्रतिमाह दी जाती है। सरकार द्वारा इस परीक्षा के जरिए छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है।इस स्कीम से ड्रॉप आउट दर कम होती है। इस अवसर पर संजीव कुमार, प्रवीण कुमार, संदीप, कमलेश देवी, शीला रानी, ट्विंकल खटकड़, मेवा सिंह ,बिरमा चंद, राजेश कुमार आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।